मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-173
10/04/2020

मुख्यमंत्री ने सामाजिक सौहार्द्र बनाये रखने की लोगों से अपील की

पटना, 10 अप्रैल 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार और पुलिस महानिदेशक श्री गुप्तेश्वर पाण्डेय को निर्देश दिया है कि वे जिलाधिकारियों एवं पुलिस अधीक्षकों के माध्यम से यह सुनिश्चित करायें कि कोरोना संक्रमण के संबंध में लोगों के बीच किसी प्रकार का अफवाह न फैले। लोग भ्रमित न हों और सामाजिक सद्भाव कायम रहे।

मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों से अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव एवं भाईचारा बनाये रखें। मुझे विश्वास है कि हम सब मिलकर कोरोना महामारी से निपटने में सक्षम होंगे।

*****